नौ कंपनियों को 151 करोड़ की प्रोत्साहन राशि : नंदी

अमर उजाला ब्यूरो

कहा- प्रोत्साहन राशि से उद्योगों को बढ़ाने में मिलेगी मदद

लखनऊ। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन योजना के तहत नौ कंपनियों व

इ का इ यों द्वारा लिए गए ब्याज मुक्त ऋण पर 10 प्रतिशत की प्रोत्साहन राशि जारी करने के प्रस्ताव को मंगलवार को स्वीकृति दे दी।

इस आधार पर जल्द ही इन कंपनियों को 151 करोड़ 68 लाख 20280 रुपये की प्रोत्साहन राशि मिल जाएगी। इससे उद्यमियों को अपने उद्योग बढ़ाने में मदद मिलेगी। नंदी ने कहा कि देश का ग्रोथ इंजन बन चुका उत्तर प्रदेश लगातार उन्नति की ओर अग्रसर है।

प्रदेश को दस खरब डालर अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के लिए निवेश को प्रोत्साहित किया जा रहा है, वहीं उद्यमियों के लिए सहूलियतों का पिटारा खोल दिया गया है।

इन कंपनियों के लिए जारी हुई स्वीकृति

कनोडिया सीमेंट लिमिटेड जनपद बुलंदशहर को एक करोड़ 8247000 रुपए, मंगलम सीमेंट लिमिटेड अलीगढ़ को एक करोड़ 31 लाख 21163, मून बेवरेजेज लिमिटेड ग्रेटर नोएडा को 53 लाख 89863 रुपये, जेके सीमेंट लिमिटेड अलीगढ़ को 35 करोड़ 14 लाख 15525 रुपये, वरुण बेवरेजेज लिमिटेड हरदोई को 51 करोड़ 34 लाख 77743 रुपये, एसएलएमजी बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड बाराबंकी को 58 करोड़ 52 लाख 33986 रुपये, पावरकान सीमेंट प्राइवेट लिमिटेड चंदौली को 168.99 लाख, आरएलजे इन्फ्रासीमेंट प्राइवेट लिमिटेड, मिर्जापुर को 63.75 लाख और अपोलो मेटालेक्स प्राइवेट लिमिटेड जनपद बुलंदशहर को 249.08 लाख रुपये।